प्रेस हेतु सूचना (प्रेस विज्ञप्ति सं. 158/2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

नई दिल्ली, दिनांक 13 नवम्बर, 2026

तत्काल प्रकाशनार्थ **वेबसाइट:** www.trai.gov.in

जुलाई - सितम्बर, 2026 तिमाही के दौरान अनचाहे वाणिज्यिक संचार (UCC) के विरुद्ध की गई कार्रवाई की प्रमुख उपलब्धियाँ

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) ने आज वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही अर्थात् 1 जुलाई, 2026 से 30 सितम्बर, 2026 की अवधि के दौरान अनचाहे वाणिज्यिक संचार (UCC) के विरुद्ध की गई कार्रवाई की तिमाही प्रमुख उपलब्धियाँ जारी कीं। यह रिपोर्ट दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर संकलित की गई है।

यह रिपोर्ट TRAI की वेबसाइट (www.trai.gov.in) पर भी उपलब्ध है तथा इसे निम्नलिखित लिंक के माध्यम से देखा जा सकता है: https://www.trai.gov.in/sites/default/files/2026-11/PR_No.158of2026_Hindi.pdf. इस रिपोर्ट के संबंध में किसी भी सुझाव अथवा स्पष्टीकरण के लिए श्री दीपक शर्मा, सलाहकार (QoS-II), TRAI से advqos@trai.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

13/11/2026

(हरिन्द्र कुमार)
सचिव, TRAI
www.trai.gov.in

तत्काल प्रकाशन हेतु **(प्रेस विज्ञप्ति सं. 158/2026)**

प्रेस की सूचना के लिए नोट

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

नई दिल्ली, 13 नवंबर, 2026

(www.trai.gov.in)

तिमाही के दौरान अवांछित वाणिज्यिक संप्रेषण (UCC) के खिलाफ कार्रवाई से संबंधित प्रमुख जानकारी

अवधि: 01 जुलाई, 2026 से 30 सितंबर, 2026 (वित्तीय वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही)

मानदंड	प्रमुख आंकड़े (पूर्णांकित)
30 सितंबर, 2026 तक देश में कुल सब्सक्राइबर आधार	1.349 बिलियन
जुलाई'26 से सितंबर'26 के दौरान दूरसंचार नेटवर्क में उत्पन्न कुल कॉल	714.01 बिलियन
जुलाई'26 से सितंबर'26 के दौरान दूरसंचार नेटवर्क में उत्पन्न कुल एसएमएस	702.28 बिलियन
जुलाई'26 से सितंबर'26 के दौरान दर्ज की गई कुल यूसीसी शिकायतें	1.529 मिलियन
जुलाई'26 से सितंबर'26 के दौरान कुल कार्रवाई योग्य शिकायतें	0.723 मिलियन
वित्तीय वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही के दौरान कार्रवाई योग्य शिकायतों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई	
विनियमों के पहले उल्लंघन के कारण दूरसंचार संसाधनों पर 15 दिनों के लिए लगाया गया प्रतिबंध	1,10,325
विनियमों के बार-बार उल्लंघन के कारण 1 वर्ष के लिए डिस्कनेक्ट किए गए दूरसंचार संसाधन	13,777
कुल 1 वर्ष के लिए ब्लैकलिस्ट में डाले गए प्रेषक (सेंडर्स)*	374
ब्लॉक किए गए कुल एसएमएस हेडर	3,725

** प्रेषक (सेंडर) एक मुख्य एंटीटी या टेलीमार्केटर होता है, जिसके पास किए गए संचार के लिए एक या ज़्यादा टेलीफ़ोन नंबर या एसएमएस हेडर होते हैं।*

मुख्य विशेषताएं:

- *कुल मिलाकर, वित्तीय वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 1 लाख 24 हज़ार से अधिक दूरसंचार संसाधनों के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ 374 प्रेषकों (सेंडर्स) को ब्लैकलिस्ट किया गया।*
- *प्रवर्तन (Enforcement) ने कई स्तर पर कार्रवाई की- जैसे कि आउटगोइंग ब्लॉकिंग, दीर्घकालिक डिस्कनेक्शन, सभी ऑपरेटरों में प्रेषक को ब्लैकलिस्ट करना और एस.एम.एस. हेडर ब्लॉकिंग, ताकि बार-बार होने वाले उल्लंघनों पर अंकुश लगाया जा सके।*
- *वित्तीय वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में देश में दूरसंचार नेटवर्क में उत्पन्न कुल 714.01 बिलियन कॉल की तुलना में, कुल यूसीसी शिकायतें 1.529 मिलियन रहीं, यानी शिकायतों की संख्या लगभग 2.14 प्रति मिलियन कॉल थी।*
- *यूसीसी/स्पैम को नियंत्रित करने में ओरिजिनेटिंग एक्सेस प्रदाता (OAP) के रूप में अलग-अलग दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) का प्रदर्शन अनुलग्नक-क में, और टर्मिनेटिंग एक्सेस प्रदाता (TAP) के रूप में उनका प्रदर्शन अनुलग्नक-ख में संलग्न है।*

ट्राई डीएनडी ऐप

ट्राई डीएनडी ऐप के माध्यम से उपभोक्ता भागीदारी ने स्पैम संचार के खिलाफ प्रवर्तन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जारी रखा। ऐप उपभोक्ताओं के लिए आसानी से प्रमोशनल संचार को ब्लॉक करने या प्राप्त करने के लिए अपनी वरीयताओं को दर्ज करने और संशोधित करने का एक माध्यम है, और यूसीसी की रिपोर्ट करने का एक सुविधाजनक विकल्प भी है। चूंकि यूसीसी शिकायतें स्पैमर्स की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का आधार प्रदान करती हैं, इसलिए ट्राई ग्राहकों को यूसीसी की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न उपभोक्ता जागरूकता अभियान चला रहा है।

मद	प्रमुख आंकड़े (पूर्णांकित)
30.09.26 तक कुल डाउनलोड ऐप	**4.236 मिलियन**
जुलाई'26 से सितंबर'26 के दौरान सभी माध्यमों से प्राप्त कुल यूसीसी शिकायतें।	**1.529 मिलियन**
जुलाई'26 से सितंबर'26 के दौरान ट्राई डीएनडी ऐप के माध्यम से प्राप्त कुल शिकायतें	**1.421 मिलियन**
ट्राई डीएनडी ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का प्रतिशत	**92.9%**

मुख्य विशेषताएं:

- *एक्सेस प्रोवाइडर द्वारा प्राप्त सभी यूसीसी शिकायतों में से 92.9 प्रतिशत शिकायतें ट्राई डीएनडी ऐप के माध्यम से आती हैं।*

- *जुलाई'26 से सितंबर'26 की तिमाही के दौरान, ग्राहकों को ट्राई डीएनडी ऐप के बारे में शिक्षित करने के लिए 132 एफएम चैनलों, 15 आकाशवाणी (AIR) एफएम चैनलों, 23 निजी टीवी चैनलों, 2 डीडी चैनलों और 97 समाचार पत्रों के माध्यम से मीडिया अभियान चलाए गए।*
- *ट्राई ने ट्राई डीएनडी ऐप के माध्यम से स्पैम कॉल और अवांछित वाणिज्यिक संचार की रिपोर्ट करने के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए जून 2026 से अगस्त 2026 तक माईगव (MyGov) पोर्टल पर 'ट्राई डीएनडी रील चैलेंज' का आयोजन किया।*
- *ट्राई ने ट्राई डीएनडी ऐप के बारे में तथा उपभोक्ताओं को स्पैम की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर भी जागरूकता अभियान चलाए। एक डिजिटल अभियान को 24.8 मिलियन से अधिक इम्प्रेशन मिले।*
- *इस तिमाही के दौरान देश भर में ट्राई, ट्राई के साथ पंजीकृत उपभोक्ता अधिकारिता समूहों (Consumer Advocacy Groups) और सेवा प्रदाताओं द्वारा कुल 322 उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम प्रत्यक्ष रूप से आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 31 हज़ार प्रतिभागियों के साथ सीधा भौतिक संवाद हुआ।*
- *एसएमएस अभियान भी चलाए गए और ग्राहकों को ट्राई डीएनडी ऐप के बारे में जागरूक करने के लिए जुलाई से सितंबर, 2026 तक 3 बिलियन से अधिक एसएमएस भेजे गए।*

डीएनडी वरीयता पंजीकरण

उपभोक्ता किसी भी या सभी क्षेत्रों के सेंडर्स से प्रमोशनल संचार को ब्लॉक करने या प्राप्त करने के लिए अपनी डू नॉट डिस्टर्ब (DND) वरीयताओं को दर्ज करने और संशोधित करने के लिए ट्राई डीएनडी ऐप, अपने दूरसंचार सेवा प्रदाता के ऐप/वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं, या 1909 पर कॉल/एसएमएस भेज सकते हैं।

मानदंड	प्रमुख आंकड़े (पूर्णांकित)
30.09.2026 तक डीएनडी रजिस्ट्री में दर्ज कुल वरीयताएं।	224.49 मिलियन
30.09.2026 तक देश में कुल सब्सक्राइबर आधार	1.349 बिलियन
दर्ज वरीयताओं का प्रतिशत।	16.64%

मुख्य विशेषताएं:

- *1.12 बिलियन से अधिक ग्राहकों ने कोई वरीयता दर्ज नहीं की है और इसलिए उन्हें सभी पंजीकृत टेलीमार्केटर्स और सेंडर्स से वाणिज्यिक संचार प्राप्त हो सकता है। वाणिज्यिक संप्रेषण को नियंत्रित करने के इच्छुक उपभोक्ता डीएनडी रजिस्ट्री पर अपनी वरीयताएं दर्ज कर सकते हैं।*

ट्राई निर्दिष्ट सीरीज : 140xx, 1600xx और 1601xx

ट्राई ने प्रमोशनल कॉल के लिए नामित 140 सीरीज की शुरुआत की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी कॉल एक निर्दिष्ट नंबरिंग सीरीज से आएं, जिससे उपभोक्ता ऐसी कॉल को आसानी से पहचान सकें और प्रबंधित कर सकें। 140 सीरीज नंबरों से आने वाली कॉल को डिलीवरी से पहले ग्राहकों की वरीयताओं के आधार पर पूर्व-सत्यापित किया जाता है। निर्दिष्ट सीरीज उपभोक्ता को कॉल स्वीकार करने या अस्वीकार करने के विकल्प का प्रयोग करने में सक्षम बनाती है।

1600 सीरीज को बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा क्षेत्र में संस्थाओं द्वारा सेवा और लेन-देन कॉल, और सरकार से नागरिक संचार के लिए शुरू किया गया है। यह निर्दिष्ट सीरीज ऐसे महत्वपूर्ण संप्रेषण के लिए विश्वसनीय कॉलिंग नंबर प्रदान करती है।

इसके अलावा, उपयोगिता सेवाओं (Utilities) तथा लॉजिस्टिक्स और डिलीवरी क्षेत्र की संस्थाओं द्वारा सेवा और लेन-देन कॉल के लिए, ट्राई ने 10 अगस्त, 2026 को 1601 सीरीज शुरू की।

साथ में, ये निर्दिष्ट नंबरिंग सीरीज पारदर्शिता, उपभोक्ता विश्वास और स्पैम और धोखाधड़ी वाले संचार के खिलाफ विनियामक प्रवर्तन की प्रभावशीलता में सुधार करती हैं।

मद	प्रमुख आंकड़े (पूर्णांकित) (वित्तीय वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही के दौरान)
140 सीरीज नंबरों का उपयोग करके शुरू हुईं कुल प्रमोशनल कॉल।	**15.27 बिलियन**
140 सीरीज की कॉल, जिन्हें ग्राहकों द्वारा दर्ज डीएनडी वरीयताओं के साथ सत्यापन के बाद ब्लॉक कर दिया गया।	**1.70 बिलियन**
पंजीकृत प्रेषकों/टेलीमार्केटर्स द्वारा शुरू किए गए वाणिज्यिक एसएमएस	**660.71 बिलियन**
ग्राहकों द्वारा पंजीकृत डीएनडी वरीयताओं के साथ सत्यापन के बाद अवरुद्ध किए गए प्रमोशनल एसएमएस।	**11.09 बिलियन**
1600 सीरीज नंबरों से आई कुल कॉल।	**1.27 बिलियन**

मुख्य विशेषताएं:

- ***दर्ज डीएनडी वरीयताओं ने लगभग 1.70 बिलियन प्रमोशनल कॉल और 11.09 बिलियन प्रमोशनल एसएमएस को ब्लॉक करने में सक्षम बनाया, जो प्रभावी उपभोक्ता वरीयता प्रवर्तन को प्रदर्शित करता है।***
- ***दर्ज संचार चैनलों के माध्यम से 15.27 बिलियन प्रमोशनल कॉल और 660.71 बिलियन वाणिज्यिक एसएमएस भेजे गए।***

इनकमिंग कॉल पर एआई-आधारित संदिग्ध स्पैम चिन्हित करना

विनियमित प्रणाली को बायपास करने वाले सामान्य 10-अंकीय नंबरों का उपयोग करने वाली संस्थाओं द्वारा उपभोक्ताओं को संदिग्ध स्पैम कॉल और एसएमएस से सचेत करने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा एआई-आधारित सिस्टम लगाए गए हैं ताकि कॉलिंग पैटर्न विश्लेषण के आधार पर इस तरह के संदिग्ध स्पैम को चिन्हित किया जा सके। इसके अलावा, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने इस तरह के स्पैम भेजने की उच्च संभावना वाली संदिग्ध संस्थाओं को चेतावनी सूचनाएं भेजना शुरू कर दिया है। एक प्रेषक (सेन्डर) स्पैम भेजने के लिए कई नंबरों का उपयोग कर सकता है। ये अधिसूचनाएं संदिग्ध सेंडर्स को नियामक कार्रवाई के बारे में चेतावनी देती हैं ताकि वे आगे से स्पैम न भेजें।

मद	प्रमुख आंकड़े (पूर्णांकित)

	(वित्तीय वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही के दौरान)
कुल इनकमिंग कॉल	**705.96 बिलियन**
एआई आधारित प्रणालियों द्वारा आने वाली कुल कॉल जिन्हें संदिग्ध स्पैम के रूप में चिन्हित किया गया	**18.28 बिलियन**
कुल इनकमिंग एसएमएस	**854.4 बिलियन**
एआई आधारित प्रणालियों द्वारा आने वाले कुल एसएमएस जिन्हें संदिग्ध स्पैम के रूप में चिन्हित किया गया	**1.62 बिलियन**
उच्च संभावना वाले स्पैम भेजने वाली संदिग्ध संस्थाओं के लिए जारी की गई चेतावनी अधिसूचनाएं	**4.59 मिलियन**
संदिग्ध यूसीसी सेंडर्स के लिए की गई ई-केवाईसी	**34.03 हज़ार**
संदिग्ध यूसीसी सेंडर्स के केवाईसी सत्यापन में विफल रहने के कारण किए गए डिस्कनेक्शन	**9.97 हज़ार**

मुख्य विशेषताएं:

- ***एआई-आधारित स्पैम डिटेक्शन ने 19.9 बिलियन संदिग्ध स्पैम कॉल/एसएमएस को चिन्हित किया है, जिससे उपभोक्ता इस तरह के संप्रेषण को अनदेखा करने या संप्रेषण को सावधानी के साथ रीसीव करने का विकल्प चुनने में सक्षम हो गए हैं।***
- ***तिमाही के दौरान संदिग्ध सेंडर्स को 4.59 मिलियन से अधिक चेतावनी अधिसूचनाएं जारी की गईं।***
- ***एआई-आधारित निवारक उपायों का उपयोग करके यूसीसी/स्पैम को नियंत्रित करने में अलग-अलग दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) का प्रदर्शन अनुलग्नक-ग में संलग्न है।***

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के बारे में

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ट्राई अधिनियम, 1997 के तहत स्थापित एक स्वतंत्र सांविधिक निकाय है। भादूविप्रा भारत में दूरसंचार, प्रसारण और केबल टीवी सेवा क्षेत्रों को विनियंत्रित करता है। हमारा लक्ष्य सभी उपयोगकर्ताओं के लिए निष्पक्ष नियम, पारदर्शी प्रथाएं और सेवा की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।

नोट: भादूविप्रा एक विनियामक प्राधिकरण है और प्रत्यक्ष उपभोक्ता सेवाएं प्रदान नहीं करता है। व्यक्तिगत मामलों के लिए, कृपया अपने लाइसेंस प्राप्त सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

आधिकारिक अपडेट के लिए, ट्राई को फॉलो करें:

एक्स (पूर्व में ट्विटर) - @TRAI

फेसबुक - @TRAI

इंस्टाग्राम - @trai.official_

लिंक्डइन - @trai-official

यूट्यूब - @TelecomRegulatoryAuthorityofIndia

अस्वीकरण: अगर हिंदी और अंग्रेज़ी संस्करण में कोई विरोधाभास हो, तो अंग्रेज़ी संस्करण मान्य होगा।

अनुलग्नक-क: यूसीसी / स्पैम को नियंत्रित करने में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं का प्रदर्शन
जुलाई'26 से सितंबर'26 के दौरान ओरिजिनेटिंग एक्सेस प्रदाता (OAP) के रूप में

मापन मानदंड	Airtel	BSNL	RJIL	VIL	TTL	RCOM	STPL	QTL	कुल
1. ओरिजिनेटिंग एक्सेस प्रदाता (OAP) द्वारा प्रेषक-स्तर पर प्रवर्तन									
कुल सक्रिय सब्सक्राइबर (30 सितंबर, 2026 तक)	506.7 मिलियन	100.95 मिलियन	527.25 मिलियन	200.88 मिलियन	11.24 मिलियन	73.7 हज़ार	58.28 हज़ार	320.27 हज़ार	1349 मिलियन
नेटवर्क से उत्पन्न कॉल/एसएमएस के विरुद्ध प्राप्त कुल शिकायतें	352,062	42,022	293,716	539,285	208,783	11,452	13,865	5,816	1,467,001
कार्रवाई योग्य शिकायतें	186,013	27,843	172,622	319,629	17,475	0	218	31	723,831
सेंडर्स को जारी की गई चेतावनी अधिसूचनाएं	186,013	27,843	172,622	319,629	17,475	0	218	31	723,831
पहले उल्लंघन के लिए 15 दिनों की अवधि के लिए प्रतिबंधित दूरसंचार संसाधन	34,703	34	1,800	47,249	26,539	0	0	0	110,325
दूसरे उल्लंघन के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए डिस्कनेक्ट किए गए दूरसंचार संसाधन	7,889	0	4,963	355	570	0	0	0	13,777
ब्लैकलिस्ट किए गए एसएमएस हेडर *	882	0	1506	770	30	0	537	0	3,725
एक वर्ष की अवधि के लिए ब्लैकलिस्ट किए गए सेंडर्स (इस अवधि के दौरान ब्लैकलिस्ट किए गए सेंडर्स को नए दूरसंचार संसाधन प्रदान नहीं किए जाते हैं)	85	0	274	9	6	0	0	0	374

** डिस्कनेक्ट किए गए एसएमएस हेडरों की कुल संख्या में यूसीसी शिकायतों के माध्यम से चिन्हित/रिपोर्ट किए गए हेडर, साथ ही I4C और चक्षु पोर्टल के माध्यम से रिपोर्ट किए गए हेडर शामिल हैं।*

अनुलग्नक-ख: यूसीसी / स्पैम को नियंत्रित करने में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं का प्रदर्शन जुलाई'26 से सितंबर'26 के दौरान टर्मिनेटिंग एक्सेस प्रदाता (TAP) के रूप में

मापन मानदंड	Airtel	BSNL	RJIL	VIL	TTL	RCOM	STPL	QTL	कुल
2. टर्मिनेटिंग एक्सेस प्रदाता के रूप में ग्राहक-स्तर पर प्रदर्शन									
कुल सक्रिय सब्सक्राइबर (30 सितंबर, 2026 तक)	506.7 मिलियन	100.95 मिलियन	527.25 मिलियन	200.88 मिलियन	11.24 मिलियन	73.7 हज़ार	58.28 हज़ार	320.27 हज़ार	1349 मिलियन
वित्तीय वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर'26) के दौरान वरीयता पंजीकरण	911.50 हज़ार	455.75 हज़ार	911.75 हज़ार	454.95 हज़ार	0	0	0	0	2.73 मिलियन
कुल वरीयता पंजीकरण (30 सितंबर, 2026 तक)	87.19 मिलियन	14.5 मिलियन	56.58 मिलियन	65.53 मिलियन	0.5 मिलियन	0	1.2 हज़ार	55 हज़ार	224.35 मिलियन#
एक्सेस प्रदाता के कुल सब्सक्राइबर आधार के प्रतिशत के रूप में वरीयता पंजीकरण	17.2%	14.4%	10.7%	32.7%	4.4%	0.0%	2.1%	17.2%	16.6%
नेटवर्क पर टर्मिनेट हुई कॉल/एसएमएस के विरुद्ध प्राप्त कुल शिकायतें	643,546	51,169	696,283	138,736	0	0	0	0	1,529,734
ओरिजिनेटिंग नेटवर्क को अग्रेषित की गई कुल शिकायतें	635,420	45,343	650,038	137,182	0	0	0	0	1,467,983
ग्राहकों को सचेत करने के लिए संदिग्ध स्पैम के रूप में चिन्हित वॉयस कॉल	7,550 मिलियन	0	8,920 मिलियन	1,810 मिलियन	0	0	0	0	18,280 मिलियन

ग्राहकों को सचेत करने के लिए संदिग्ध स्पैम के रूप में चिन्हित एसएमएस	**699 मिलियन**	**53 मिलियन**	**550 मिलियन**	**318 मिलियन**	**0**	**0**	**0**	**0**	**1,620 मिलियन**

 # कुल वरीयता पंजीकरण में एमटीएनएल और एपीएसएफएल से संबंधित डेटा शामिल नहीं है।

अनुलग्नक-ग: यूसीसी / स्पैम को नियंत्रित करने में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं का प्रदर्शन जुलाई'26 से सितंबर'26 के दौरान एआई-आधारित निवारक उपायों का उपयोग करके

मापन मानदंड	Airtel	BSNL	RJIL	VIL	TTL	RCOM	STPL	QTL	कुल
3. एआई-आधारित प्रणाली का उपयोग करके निवारक उपाय									
स्पैम भेजने के संदिग्ध के रूप में उच्च संभावना के साथ चिन्हित दूरसंचार संसाधन (CLI)	3,748,362	439,715	1,008,861	5,631,603	2,890,014	994	749	11,319	13,291,902
संदिग्ध यूसीसी सेंडर्स को भेजी गई चेतावनी अधिसूचनाएं*	2,075,954	15,069	1,008,861	1,418,000	74,044	17	8,673	10,418	4,595,967
संदिग्ध यूसीसी सेंडर्स के लिए की गई ई-केवाईसी	27,414	0	3,580	2,602	415	11	3	0	34,025
संदिग्ध यूसीसी सेंडर्स के केवाईसी सत्यापन में विफल रहने के कारण किए गए डिस्कनेक्शन	7,154	0	1,645	1,171	0	7	0	0	9,977

** यूसीसी का संदिग्ध सेंडर का अर्थ है वह सेंडर जिस पर उच्च संभावना के आधार पर अवांछित वाणिज्यिक कॉल/एसएमएस भेजने का संदेह है।*